Sixteenth Loksabha

an>

Title: Need to extend the dam on river Koshi in Supaul and Madhubani districts to Saharsa district in Bihar.

श्रीमती रंजीत रंजन (सुपौल) ः कोशी नदी नेपाल के बराह क्षेत्र से शुरू होकर भीमनगर कोशी बैराज के पास भारत की सीमा में प्रवेश करते हुए सुपौल, मधुबनी, सहरसा, दरभंगा, खगड़िया, मधेपुरा होते हुए कटिहार जिला के कुरसैला के पास गंगा नदी में मिलती है। उक्त नदी पर एक सुरक्षा बाँध सुपौल जिला के सिकरहट्टा मझारी से मधुबनी जिला सीमा तक बना हुआ है एवं इस सुरक्षा बाँध पर पक्कीकरण भी कर दिया गया है, जिससे उक्त क्षेत्र में बाढ़ से बचाव के साथ-साथ आवागमन भी होता है। यदि इस बाँध को मधुबनी सीमा के गढ़गांव, बसीपट्टी, महेसा, सोनबरसा होते हुए सुपौल जिला के गोनवा सिमराहा, सहरसा जिला के देवका, झरवा, परताहा बड़हारा, डरहार, नौला, लालपुर, सतौर, कुन्दह, बलिया, सीमर होते हुए प्राणपुर के पास राज्य उच्च पथ में मिला दिया जाता है तब इसके बीच में अवस्थित लोगों की जान-माल, बाढ़ से सुरक्षा के साथ-साथ आमजनों को आवागमन की भी सुविधा मिल जाएगी एवं प्रति वऐान हजारों एकड़ जमीन में लगी फसलों को भी सुरक्षा मिलेगी, जिससे यहाँ के किसान खुशहाल होंगे।

अतः मेरी सरकार से मांग है कि इस अति महत्वपूर्ण सुरक्षा बाँध का विस्तार मधुबनी जिला सीमा के गढ़गांव से लेकर सहरसा जिला के महिऐाळ प्रखंड के प्राणपुर के पास राज्य उच्च पथ तक करवाकर बांध का पक्कीकरण करवाया जाये ताकि बाढ़ से सुरक्षा के साथ-साथ आवागमगन की भी सुविधा मिलेगी।